करिश्मा श्याम का | By Naren Soni

सच्चा है मेरे श्याम का दरबार देख लो
आँखों से अपने जाके चमत्कार देख लो

दरबार मेरे श्याम का मशहूर बहुत था
थे टूटे फूटे रास्ते और दूर बहुत था
लेकर मुरादें चल पड़ा ब्राह्मण का परिवार
संतान की थी कामना और बाबा से था प्यार
चलते चलते रास्ते में रात हो गयी
एक घटना उनके साथ अकस्मात् हो गयी
ब्राह्मण को मार डाला डाकुओं ने लूट कर
ब्राह्मण की पत्नी रोने लगी फूट फूट कर
ब्राह्मण की पत्नी रोये ज़ार ज़ार देख लो
आँखों से अपने जाके चमत्कार देख लो

आयी थी तेरे द्वार तुझे बाप समझ कर
माटी में मिला दिया मुझे ख़ाक समझ कर
छाती को लगी पीटने हाय राम मेरे राम
दुनिया उजाड़ गयी मेरी झूठा है बाबा श्याम
आयी थी लेने लाल और सुहाग लुटा है
तेरी आँखों के सामने मेरा भाग फूटा है
बनते हो दयावान और दया का नाम नहीं है
पत्थर है मेरा श्याम तू भगवान् नहीं है
बकने लागि वो गालियां हज़ार देख लो
आँखों से अपने जाके चमत्कार देख लो

हाथों से अपने बाल को वो नोचने लगी
ज़िंदा हूँ किसलिए वो खुद को कोसने लगी
सुनले मेरी पुकार दुनिया बनाने वाले
धरती का बोझ समझ के दुनिया से उठा ले
पत्थर पड़ा था सामने झटके से उठाया
सर फोड़ने चली हुई श्री श्याम की माया
इतनी से देर में वहां तूफ़ान आ गया
लीले घोड़े पे बैठ बाबा श्याम आ गया
सुनता है अपने भक्त की पुकार देख लो
आँखों से अपने जाके चमत्कार देख लो

बाबा को देख सामने चरणों में गिर गयी
मुझको बचाले श्याम मैं बेमौत मर गयी
बेटी के आंसू पोछे और ब्राह्मण को जिलाया
गुस्सा ना करो बेटी ज़रा देर से आया
कुछ दिन बाद तेरी गोद भरेगी
ये आशीर्वाद मेरा बहुत मौज करेगी
बनवारी ऐसा देव जो मुर्दों को जिया दे
जो काम कोई कर ना सका करके दिखा दे
करता अपने भक्त से वो प्यार देख लो
आँखों से अपने जाके चमत्कार देख लो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-naren-soni/